कोटद्वार, बुधवार
19 मार्च 2025
वर्षः 46
अंकः 301 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने दी ऐतिहासिक झंडा मेला की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के ऐतिहासिक झंडा मेला के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रतिवर्ष श्री गुरु राम राय जी के पावन जन्मोत्सव पर परंपरागत रूप से मनाया जाने वाला देहरादून का ऐतिहासिक एवं पावन श्री झंडा जी मेला मानवता और विश्वास से ओत-प्रोत विशिष्ट परंपराओं को समेटे हुए है। यह मेला श्रद्धा और आस्था का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक होने के साथ-साथ आपसी प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु राम राय जी महाराज की शिक्षाएं और उनके संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं।

### तीन जिलों में तीन दिन बारिश के आसार

देहरादून। उत्तराखंड के तीन जिलों उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में अगले तीन दिन तक हल्की बारिश के आसार है। अन्य दस जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहा और धूप खिली रही। 19, 20 एवं 21 मार्च को तीन जिलों को छोड़कर प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। इसके अलावा 22, 23 एवं 24 मार्च को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। अभी तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री ऊपर चल रहे हैं। आने वाले दिनों में इनमें इजाफा होगा।

### कार 30 फुट गहरी खाई में गिरी, दंपति और बेटा घायल

हरिद्वार। हरिद्वार के चंडी चौकी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। नजीबाबाद से हरिद्वार की ओर आ रही एक कार अनियंत्रित होकर 30 फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार दंपति और बेटा घायल हो गया। तीनों की तीनों की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। चौकी चंडीघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल भिजवाया गया। थानाध्यक्ष श्यामपुर नितेश शर्मा ने बताया कि तीनों सवार यात्री हल्की चोटें आई हैं और उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि कार के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि तीनों यात्री जिंदा बच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### बाजपुर में संदिग्ध अवस्था में ट्रक ड्राईवर की मौत

काशीपुर। बन्नाखेड़ा रोड स्थित ढाबे में खाना खा रहे ट्रक चालक की सोमवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्वालियर, मध्य प्रदेश के शिवाजी नगर निवासी 50 वर्षीय राधेलाल शर्मा सोमवार देर शाम कोलकाता से प्लास्टिक का दाना लेकर बन्नाखेड़ा रोड स्थित फैक्ट्री में आए थे। फैक्ट्री के बाहर ट्रक खड़ा करने के बाद राधेलाल ढाबे पर अपने गांव के साथी ट्रक चालक नरेश सिंह तोमर के साथ खाना खाने गए। खाना खाने के दौरान अचानक राधेलाल की तबीयत खराब हो गई। नरेश तुरंत राधेलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां चिकित्सकों ने राधेलाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया राधेलाल शर्मा की मौत हार्ट अटैक से हुई लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण का पता चल पाएगा।

### गंगा किनारे खेत में मिला गुरुद्वारे के सेवक का शव

हरिद्वार। शाहपुर निवासी गुरुद्वारे के सेवक का शव गंगा किनारे एक खेत में मिलने से हड़कंप मंच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार पथरी थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी व्यक्ति का शव शाहपुर में गंगा किनारे एक खेत में मिला। किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से उसकी शिनाख्त कराई तो व्यक्ति की शिनाख्त 35 वर्षीय सुखपाल पुत्र सियाराम निवासी शाहपुर शीतला खेड़ा के रूप में हुई।

# उत्तराखण्ड में मौन पालन की अपार संभावनाएं:धामी

**मुख्यमंत्री आवास परिसर में शहद निष्कासन कार्य शुरू, पहले चरण में 57 किलो शहद निकाला**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में मौन पालन की अपार संभावनाएं हैं। कहा कि राज्य में प्रचुर मात्रा में फूलों की प्रजातियां हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाले जैविक शहद उत्पादन में सहायक हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय गुणों वाला शहद तैयार करने के लिए लोगों को प्रशिक्षण दिया जाए। मौन पालन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री आवास परिसर में मंगलवार को शहद निष्कासन कार्य किया गया। पहले चरण में 57 किलोग्राम शहद निकाला किया गया। इस बार लगभग 200 किलोग्राम तक शहद के निकालने का लक्ष्य रखा गया। मुख्यमंत्री ने बी-कीपिंग कार्य को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लेते हुए शहद महोत्सव आयोजित करने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिये गये। जिसमें मधुमक्खी द्वारा तैयार किए जाने वाले समस्त प्रोडक्ट महोत्सव में रखने और हर वर्ष शहद महोत्सव की एक तिथि भी निर्धारित करने को कहा गया। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित और चेयरमैन देवभूमि पर्वतीय ग्रामोद्योग विकास संस्थान हरबर्टपुर अजय कुमार सैनी मौजूद थे।

### शालिनी उत्तरकाशी और आकाश जोशी पौड़ी के नए एसडीएम

देहरादून। सरकार ने 13 आईएएस समेत 26 अफसरों के तबादलों के बाद 15 और पीसीएस में फेरबदल किया है। शालिनी नेगी को उत्तरकाशी और आकाश जोशी को पौड़ी का नया एसडीएम बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने यह आदेश किए हैं। अपर जिलाधिकारी नैनीताल शिव चरण द्विवेदी को उत्तराखंड ग्राम्य विकास संस्थान यूएसनगर में अधिशासी निदेशक की जिम्मेदारी दी है, जबकि काशीपुर के नगर आयुक्त विवेक कुमार राय अब नैनीताल के अपर जिलाधिकारी का दायित्व देखेंगे। रुद्रपुर मंडी परिषद के उप निदेशक निर्मला को एसडीएम यूएसनगर और वहां तैनात रविंद्र बिष्ट को यूएसनगर मंडी परिषद में उप निदेशक के रूप में भेजा गया है।

उत्तरकाशी के एसडीएम गोपाल सिंह चौहान को बाजपुर शुगर मिल में प्रधान प्रबंधक, एसडीएम बागेश्वर अनुराग आर्या चंपावत तो दून की एसडीएम शालिनी नेगी को उत्तरकाशी का एसडीएम बनाया गया है। वहीं, पौड़ी के एसडीएम सोहन सिंह को चमोली जबकि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की संयुक्त सचिव कुश्म चौहान अब सिटी मजिस्ट्रेट हरिद्वार का जिम्मा देखेंगी।

## बर्ड फ्लू को लेकर उत्तराखंड में अलर्ट

# कुमाऊं से लिए जाएंगे 300 मुर्गियों के सैंपल



हल्द्वानी। महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश राज्य में बर्ड फ्लू होने के बाद उत्तराखंड भी अलर्ट मोड में है। ऐसे में कुमाऊं मंडल में पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला रुद्रपुर व अल्मोड़ा की टीम तीन–तीन जिलों में मुर्गियों के सैंपल लेकर ऋषिकेश पशु लोक प्रयोगशाला में भेजेगा। कुमाऊं के छह जिलों से 50–50 यानी कुल 300 मुर्गियों के सैंपल लिए जाएंगे।

पशुपालन विभाग की ओर से मुर्गियों में एवियन इंफ्लूएंजा (एच–5 एन–1) वायरस की जांच के लिए सीरो सैंपलिंग लेने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। रुद्रपुर पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला की टीम नैनीताल, ऊधमसिंह नगर व चंपावत जिले में रैंडम सैंपलिंग लेगी।

वहीं, अल्मोड़ा पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला की टीम बागेश्वर, अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ जिले में मुर्गियों के सैंपल लेकर एकत्रित करेगी। सैंपलिंग कार्य पूरा होने के बाद पूरे कुमाऊं मंडल से ऋषिकेश पशु लोक प्रयोगशाला में सैंपल भेजे जाएंगे। यहां से सैंपल को भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज लैब में भेजा जाएगा।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. केके जोशी ने बताया कि ऊधमसिंह नगर जिले में मुर्गियों की सीरो सैंपलिंग शुरू हो गई है। जल्द ही नैनीताल जिले में भी सैंपलिंग ली जाएगी। इधर, रुद्रपुर पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला की संयुक्त निदेशक डॉ. सपना मिश्रा ने बताया कि तीन जिलों से सैंपल एकत्रित करने के बाद इन्हें भोपाल भेज दिया जाएगा। वहां से सैंपल की रिपोर्ट मिलने के बाद ही वायरस की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल अभी कहीं भी पक्षियों में असामान्य मृत्यु देखने को नहीं मिली है।

# मणिपुर में लौट रही है शांति, मंजूर किए गए सात हजार आवास : निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली , मणिपुर में हालात अब धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं। यहां हिंसक घटनाओं में कमी आई है। हिंसा में बेघर हुए लोगों के लिए करीब 7,000 नए आवास मंजूर किए गए हैं। राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक फंड दिया गया है। राज्य में कानून व्यवस्था के लिए सेना व असम राइफल्स की तैनाती की गई है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 286 कंपनियों को राज्य पुलिस के साथ मणिपुर में तैनात किया गया है। मंगलवार को यह जानकारी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर में हालात सामान्य करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को छोडक़र मणिपुर में हिंसा की वारदातों में कमी आ रही है। नेशनल हाईवे पर सुरक्षित और सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जा रहा है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हेलीकॉप्टर सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 60 हजार लोग अभी भी रिलीफ कैंप में रह रहे हैं। करीब 7000 लोग अपने घरों को लौट चुके हैं। गृह मंत्रालय के विशेष पैकेज के तहत 400 करोड़ रुपए रिलीफ कैंप ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत बेघर हो गए लोगों के लिए सात हजार घरों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय योजनाओं के तहत राज्य को अधिक से अधिक निर्बाध सहायता दी जा रही है। मणिपुर वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट, रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी, मेडिकल कॉलेज, ट्रिपल आईटी और सरकारी आवास योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बातें मणिपुर के बजट और उससे संबंधित अनुदान की अनुपूरक मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को नियंत्रित और बेहतर करने के लिए राज्य में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक गतिविधियां शुरू करने पर ध्यान दिया जा रहा है। मणिपुर में रिलीफ के लिए सौ करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि एनडीआरएफ और 68 करोड़ रुपए की राशि एसडीआरएफ के तहत रखी गई है।

उन्होंने बताया कि मणिपुर राज्य के लिए 500 करोड़ का आपातकालीन फंड बनाया गया है। यह फंड राज्य के लिए है ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में इस धन राशि का उपयोग किया जा सके।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि गृह मंत्री, गृह राज्यमंत्री लगातार मणिपुर जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री लगातार इस बात का जवाब दे रहे हैं।

### नागपुर हिंसा के लिए सीएम फडणवीस ने अफवाहों को बताया जिम्मेदार

मुंबई , महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा पर मंगलवार को विधानसभा में बयान दिया। उन्होंने बताया कि यह हिंसा एक अफवाह से शुरू हुई, जिसमें कहा गया था कि एक प्रतीकात्मक कब्र पर रखी चादर पर धार्मिक चिह्न था, जिसे जलाया गया। शाम को यह अफवाह फैली और देखते ही देखते हालात बिगड़ गए, जिसके बाद हिंसा भडक़ उठी।

फडणवीस ने कहा कि हिंसा में 12 दोपहिया वाहन तोड़े गए और एक क्रेन, दो जेसीबी तथा कुछ चार–पहिया वाहनों में आग लगा दी गई। घटनास्थल पर 80 से 100 लोग जमा हो गए थे। कुछ लोगों पर तलवार से हमला हुआ। उन्होंने कहा कि हालात तब और गंभीर हो गए, जब एक पुलिसकर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। इस हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें तीन डीसीपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा, पांच आम लोगों को भी चोटें आईं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में पांच अपराध दर्ज किए गए हैं। कानून–व्यवस्था को काबू में करने के लिए 11 थाना क्षेत्रों में लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लागू की गई है। साथ ही, स्थिति को संभालने के लिए स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स (एसआरपीएफ) की पांच टुकडिय़ां तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तेजी से कदम उठाए और हालात पर काबू पाया। फडणवीस ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सरकार इस मामले में सख्ती से निपटेगी।

# महाकुंभ पर पीएम मोदी के बयान पर बोले राहुल गांधी

**प्रधानमंत्री ने जिनकी मृत्यु हुई उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी**



नई दिल्ली ,कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ पर दिए गए बयान पर कहा कि मैं पीएम की बात का समर्थन करता हूं। लेकिन, उन्होंने महाकुंभ भगदड़ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद परिसर में प्रधानमंत्री मोदी के महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य पर कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी की बात का समर्थन करना चाहता था। कुंभ हमारी परंपरा है, संस्कृति है, इतिहास है। एक शिकायत थी कि प्रधानमंत्री ने, जिनकी मृत्यु हुई, उन्हें श्रद्धांजलि नहीं दी। जो युवा महाकुंभ में गए उन्हें प्रधानमंत्री से रोजगार चाहिए और प्रधानमंत्री को उसपर भी बोलना चाहिए था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष को तो बोलने का मौका दिया जाना चाहिए था लेकिन नहीं देते हैं, यह न्यू इंडिया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, वह महाकुंभ पर सकारात्मक बोल रहे थे। विपक्ष को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए था, क्योंकि विपक्ष की भी इसके प्रति भावनाएं हैं और अगर हम अपनी बात रखते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए थी। विपक्ष को भी दो मिनट बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। पीएम मोदी ने महाकुंभ पर अपना संबोधन जैसे ही खत्म किया, वैसे ही विपक्षी सांसदों ने वेल के पास जाकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया और सवाल करने की मांग करने लगे।

# जल संस्थान में वरिष्ठता निर्धारण पर फिर घमासान

देहरादून। जल संस्थान में सहायक अभियंता पद पर वरिष्ठता निर्धारण की कोशिश एकबार फिर असफल होती नजर आ रही है। सहायक अभियंता पद पर मौजूदा वरिष्ठता सूची के अनुसार प्रमोशन करने पर सात साल से प्रभारी अधीक्षण अभियंता पद की जिम्मेदारी देख रहे इंजीनियर सीधे अधिशासी अभियंता पद पर रिवर्ट होंगे। इन एसई के अधीन अभी तक ईई का काम देखने वाले नियमित एसई बनेंगे। इस पहलू को लेकर जल संस्थान मुख्यालय से लेकर शासन तक उलझन में है।

जल संस्थान में मौजूदा समय में एसई के 12 पद हैं। सभी पदों पर सात साल से प्रभारी व्यवस्था में काम चलाया जा रहा है। जो लोग वरिष्ठता सूची में ऊपर हैं, वे एसई के पद पर प्रमोशन से जुड़ी अर्हताओं को पूरा नहीं कर पा रहे थे। जो लोग अर्हताएं पूरी करते हैं, वरिष्ठता में नीचे हैं। इसी वजह से प्रभारी व्यवस्था में सात साल से एसई की जिम्मेदारी देकर काम चलाया गया।

अब पदोन्नति में शिथिलता का लाभ मिलने पर वरिष्ठता में ऊपर ईई भी एसई के पद पर प्रमोशन के योग्य हो गए हैं। नियमित प्रमोशन होते ही इंजीनियर रिवर्ट हो जाएंगे। इस दिक्कत से बचने को जल संस्थान प्रबंधन एसई के पदों को 12 से बढ़ा कर 20 करने की कोशिशें कर रहा है।

इससे पहले एई पद पर सिविल और विद्युत यांत्रिक कैडर को अलग अलग करने के प्रयास हुए। कैडर अलग अलग कर पदों को एक एक में बांटने का प्रयास हुआ। ये फार्मूला जेई से लेकर जीएम स्तर तक फिट न बैठने के कारण मुहिम अधर में लटक गई है।

### माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन की सुरक्षा जांच में चूक, पिस्तौल लेकर पहुंची महिला

कटरा ,श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए एक महिला के पिस्तौल लेकर पहुंचने का मामला सामने आया है। यह घटना 14–15 मार्च 2025 की रात को हुई। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ज्योति गुप्ता दर्शन करने के इरादे से पिस्तौल लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर गई थी। रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) परमिंदर सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के पास से बरामद हथियार का लाइसेंस समाप्त हो चुका था। उन्होंने बताया कि रियासी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से पिस्तौल को जब्त कर लिया गया है। एसएसपी सिंह ने आगे जानकारी दी कि इस संबंध में कटरा के पुलिस स्टेशन भवन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। महिला के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। इस घटना ने श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ हमेशा मौजूद रहती है।

# पूर्व जन्म में छत्रपति शिवाजी महाराज थे नरेंद्र मोदी, भाजपा सांसद के बयान से छिड़ा विवाद



नई दिल्ली ,औरंगजेब की कब्र को लेकर सियासत पूरी तरह से गर्माई हुई है। इसी बीच संसद में चल रहे बजट सत्र के दौरान ओडिशा के बारगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रदीप पुरोहित ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले जन्म में मराठा साम्राज्य के संस्थापक और महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज थे।

प्रदीप पुरोहित ने अपने भाषण में एक संत से मुलाकात का जिक्रकिया, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें बताया कि नरेंद्र मोदी का पूर्व जन्म छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में हुआ था। उन्होंने कहा, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां एक गंधमर्दन पहाड़ी क्षेत्र है। एक गिरिजा बाबा संत वहां रहते हैं। एक दिन बातचीत चल रही थी तो उन्होंने हमें बताया कि देश के आज जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं वे अपने पूर्व जन्म में महाराज छत्रपति शिवाजी थे। इसलिए आज वे भारत को दुनिया में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की भावना से काम कर रहे हैं। पुरोहित ने इसे एक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संबंध के रूप में पेश करने की कोशिश की, लेकिन उनके इस दावे ने तुरंत विवाद को जन्म दे दिया। इस बयान के बाद सोशल मीडिया, खासकर एक्स प्लेटफॉर्म पर, लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कीं। कई यूजर्स ने इसे छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करार दिया। विपक्षी दलों ने इस बयान को हाथोंहाथ लिया और बीजेपी पर निशाना साधा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का राजनीतिकरण करने का प्रयास बताया। मुंबई की कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड ने वीडियो शेयर करते हुए मराठी में लिखा, अखंड भारत के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज का बार–बार अपमान करने तथा महाराष्ट्र और दुनिया भर के शिव प्रेमियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए भाजपा नेतृत्व द्वारा एक सुनियोजित साजिश रची जा रही है।

# अभिनेता पोसानी को आंध्र प्रदेश सीआईडी ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया



अमरावती । आंध्र प्रदेश सीआईडी ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और आईटी मंत्री नारा लोकेश के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को अभिनेता और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के पूर्व नेता पोसानी कृष्ण मुरली को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। जेल से पोसानी को हिरासत में लेने के बाद सीआईडी ने उन्हें मेडिकल जांच के लिए गुंटूर के सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उन्हें पूछताछ के लिए सीआईडी कार्यालय ले जाया गया। गुंटूर के छठे अतिरिक्त जूनियर सिविल जज ने सोमवार को पोसानी को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। गत 26 फरवरी को हैदराबाद से गिरफ्तारी के बाद से ही वह जेल में हैं। अभिनेता को विभिन्न थानों में उनके खिलाफ दर्ज कई मामलों में जमानत मिल गई है, लेकिन पिछले सप्ताह सीआईडी द्वारा उन्हें कैदी ट्रांजिट (पीटी) वारंट पर कुरनूल से गुंटूर लाए जाने और अदालत में पेश किए जाने के बाद जेल में रखना पड़ा, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीआईडी ने पिछले साल अक्टूबर में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के एक नेता की शिकायत पर पोसानी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आंध्र प्रदेश फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष रह चुके पोसानी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111, 196, 353, 299, 341 और 336 (3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। हैदराबाद से 26 फरवरी को गिरफ्तारी के बाद पोसानी को अन्नामय्या जिले में ले जाया गया था, जहां उनके खिलाफ समाज के विभिन्न वर्गों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश करने का मामला दर्ज किया गया। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बाद में, अभिनेता को अदोनी पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में पीटी वारंट पर कुरनूल ले जाया गया। उन्हें कुरनूल की जेल में स्थानांतरित कर दिया गया और बाद में एक अन्य मामले में पीटी वारंट पर विजयवाड़ा लाया गया। हालांकि, अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी, लेकिन सीआईडी द्वारा पीटी वारंट के लिए अदालत में जाने के कारण उनकी रिहाई नहीं हो सकी। वाईएसआरसीपी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली सरकार ने "राजनीतिक प्रतिशोध" के कारण पोसानी के खिलाफ 17 मामले दर्ज किए।

### उदयपुर के घड़ी शोरूम में लगी भीषण आग

उदयपुर ,यहां बापू बाजार स्थित नटराज गली में शनिवार सुबह एक घड़ी के शोरूम में आग लग गई। आग लगने के बाद दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे के समय दुकानदार का परिवार तीसरी मंजिल पर फंसा हुआ था, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब टाइमेक्स शोरूम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धमाकों की आवाज सुनकर इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। तीन मंजिला इस इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर घडिय़ों की दुकान है, जबकि तीसरी मंजिल पर दुकानदार निकेश वलवानी अपने परिवार के साथ रहते हैं।

## रेलवे का राहतभरा फैसला:

# ट्रेन में जितनी सीटें होंगी उतने ही टिकट बेचे जाएंगे



नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेनों एवं स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को रेलवे की प्राथमिकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रमुख अवसरों पर रेलवे की ओर से अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाता है। रेलवे स्टेशनों के स्टाफ के लिए नई डिजाइन के कार्ड और यूनिफार्म बनाए जा रहे हैं। रेलवे का यह भी प्रयास है कि ट्रेनों में जितनी सीटें उपलब्ध होंगी, लगभग उतने ही टिकट दिए जाएंगे। स्टेशन डायरेक्टर का नया पद भी बनाया गया है। उनका फोकस ट्रेनों को समय पर चलाने पर भी था।

लोकसभा में रेल मंत्री ने दी जानकारी

रेल मंत्री रेलवे की अनुदान मांगों पर लोकसभा में विचार के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। इस दौरान पूरे समय कांग्रेस समेत विपक्ष के सभी सदस्य वेल में खड़े होकर हंगामा करते रहे। वे महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य में दिल्ली स्टेशन की भगदड़ की चर्चा न होने का विरोध कर रहे थे।

## एक नजर

### कोटद्वार के बेहतर विकास के लिए की चर्चा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी झंडीचौड़ में गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट विशेष बल (स्पेशल फोर्स) संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोटद्वार के बेहतर विकास को लेकर चर्चा की गई। साथ ही शासन-प्रशासन से विकास कार्यों को गति देने की भी मांग उठाई गई। बैठक में संगठन के सचिव बलवान सिंह रावत ने कहा कि निगम बन जाने के बाद से लोगों को आधारभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। कहा कि सड़कों के चौड़ीकरण के साथ फुटपाथों की व्यवस्था होनी जरूरी है। कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि कोटद्वार के विकास के प्रति संवेदनशील नहीं दिखाई दे रहे है। मोटर नगर बस अड्डा, केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कालेज सहित कई महत्वाकांक्षी योजना अधर में लटकी हुई है, जिन्हें समय रहते ही पूरा किया जाना जनहित में होगा। कहा कि सभी चुने हुए सांसद, विधायक, महापौर को समन्वय बनाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाना होगा, ताकि उन पर आम जनमानस का भरोसा कायम रह सके। कहा कि सिर्फ बयानबाजी व कोरी घोषणाओं से कुछ नहीं होने वाला है। आम जनमानस धरातल पर काम देखना चाहती है।

### प्रशिक्षु वन दरोगाओं ने शोध के बारे में ली जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल : रामपुर मंडी देहरादून से पहुंचे प्रशिक्षु महिला वन दरोगाओं ने मंगलवार को गढ़वाल विवि के हैप्रेक और वानिकी विभाग का भ्रमण किया। प्रशिक्षुओं ने हैप्रेक संस्थान और वानिकी की ओर से किए जा रहे शोध कार्यों के बारे में जानकारी ली। वन विभाग से पहुंची 38 महिला वन दरोगा प्रशिक्षुओं को जड़ी-बूटी के बारे में जानकारी दी गई। हैप्रेक संस्थान डा. विजयकांत पुरोहित के निर्देशन पर सहायक प्राध्यापक डा. विजयलक्ष्मी त्रिवेदी ने प्रशिक्षु महिला वन दरोगाओं को हैप्रेक का भ्रमण करवाया। इस दौरान दुर्लभ जड़ी-बूटी के महत्व और उसके उपयोग के बारे में बताया गया। वन प्रशिक्षुओं को हैप्रेक संस्थान के शोधार्थियों द्वारा वैज्ञानिक विधि से उगाई जा रही सगन्ध एवं औषधीय पादपों की क्रियाविधि से अवगत कराया गया। प्रशिक्षुओं ने ग्लास हाउस, आणुविक लैब और अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग के बारे में अध्ययन किया। इस मौके पर वन दरोगा चांदनी नेगी, मनु नयाल के साथ ही हैप्रेक संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुदीप सेमवाल, डा. प्रदीप डोभाल, डा. जयदेव चौहान, पल्लवी नौटियाल, देवेश, अंशिका, शिवांगी डोभाल, अनिकेत, डोली, गेकैन, रीबा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### एलयूसीसी मामले में मंत्री ने दिए जांच के निर्देश

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल क्षेत्र में एलयूसीसी द्वारा स्थानीय लोगों के साथ किये गये घोटाले को लेकर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड पुलिस से जल्द सीबीसीआईडी जांच कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने डीजीपी उत्तराखंड दीपम सेठ को स्थानीय लोगों की मांग पर जल्द जांच कर ठोस कार्यवाही किये जाने की बात कही है। इधर, उद्योग व्यापार मंडल श्रीनगर द्वारा सहकारिता मंत्री से लोगों के साथ अन्याय करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) द्वारा गढ़वाल क्षेत्र में जगह-जगह मिनी बैंक की शाखाएं खोलकर लोगों को लालच देकर पैसा जमा कराया गया, जिसके बाद कंपनी लोगों के रूपये लेकर फरार हो गयी। उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष विपिन चन्द्र मैठानी ने लोगों के साथ हुए अन्याय को लेकर प्रदेश के सहकारिता एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से देहरादून में मुलाकात कर जल्द फरार कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है। (एजेंसी)

# लीक हो रही लाइनें, गर्मी में बढ़ेगी पेयजल समस्या



कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल लीकेज के कारण सड़क पर बहता पानी

### जगह-जगह लीकेज पेयजल लाइनों से सड़क पर बह रहा पानी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पेयजल लाइन लीकेज की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लीकेज पेयजल लाइनों से प्रतिदिन कई लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। अधिकांश वार्डों में अभी से लो-प्रेशर की समस्या देखने को मिल रही है। लीकेज पेयजल लाइन को बदल कर नई पेयजल लाइन बिछाने के लिए शहरवासी कई बार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन, अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे में गर्मी के मौसम में शहरवासियों के कंठ सूखना तय है।

शहर में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो जहां सड़क पर लीकेज होती पेयजल लाइन न दिखाई पड़े। कई स्थानों पर पेयजल लाइन लीकेज के कारण सड़क पर गड्ढे बन चुके हैं।

सुबह से लीकेज लाइन से पानी बहता रहता है। सबसे बुरी स्थिति देवी रोड, कौड़िया से सिद्धबली तक राष्ट्रीय राजमार्ग, कुंभीचौड़, मानपुर, लकड़ी पड़ाव सहित भाबर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बनी हुई है। पेयजल लाइन लीकेज का दंश शहरवासियों को गर्मी के मौसम में भुगतना पड़ सकता है। एक ओर वहां कई वार्डों में पेयजल किल्लत हो सकती है तो कई घरों में लो-प्रेशर की भी समस्या होगी। आमजन को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ सकता है।

### गंदे नालों से गुजर रही पेयजल लाइनें

अनूप बिहार, लकड़ी पड़ाव, आमपड़ाव सहित कई अन्य स्थानों पर पेयजल लाइन गंदे नाले के बीच से गुजर रही है। ऐसे में लीकेज पेयजल लाइन से घरों में गंदे पानी की आपूर्ति होती है। जिससे शहरवासियों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बन सकता है। गंदे नाले से गुजर रही पेयजल लाइन को बदलने के लिए शहरवासियों ने कई बार जल संस्थान को भी पत्र दिया। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# दहशत में ग्रामीण, बाघ देखकर बेहोश हुई महिला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** धुमाकोट की ग्राम सभा बखरोटी में बाघ की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन बाघ ग्रामीणों को गांव के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। बाघ की दहशत से शिक्षक बच्चों को गांव में ही पढ़ाने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, ग्राम चिंपाणी में एक महिला बाघ के हमले में बाल-बाल बची। बाघ को सामने देख महिला मौके पर ही बेहोश हो गई।

मालूम हो कि कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ टाइगर रिजर्व फारेस्ट वन प्रभाग की मंदाल रेंज में पड़ने वाले ग्राम जमूण निवासी गुड्डी देवी (55) पत्नी राज भदोला को आठ मार्च को बाघ ने मार दिया। घटना का पता तब चला, जब शनिवार सुबह रामनगर गए राजू शाम को घर वापस लौटे। राजू को घर से करीब दो सौ मीटर दूर गुड्डी देवी का शव मिला। घटना के बाद विभाग ने गांव में छह कैमरा ट्रैप लगाने के साथ ही विभागीय गश्त भी शुरू कर दी। गौला ग्राम पंचायत के गौला वल्ला, गौला पल्ला, गौला तल्ला व गौला मल्ला, ग्राम पंचायत बखरोटी के बसेड़ी, जमूण, घिरोली, छिमपाणी और ग्राम पंचायत कमेड़ा के भूण्ड, गंगोली, कमेड़ा तल्ला, कमेड़ा पल्ला और कमेड़ा वल्ला गांवों में बाघ की दहशत जारी है। बाघ की दहशत के कारण ग्रामसभा बखरोटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह रावत की ओर से पिछले दिनों खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमेड़ा जाने वाले पांच बच्चों के अध्यापन के लिए गांव में ही व्यवस्था करवाने की मांग की। कहा गया कि गांव के पांच बच्चे चार किलोमीटर की दूरी तय कर कमेड़ा जाते हैं। जंगल के रास्ते गांव तक जाना संभव नहीं है। बताना यह भी जरूरी है कि ग्राम कमेड़ा में अध्ययनरत सभी पांच बच्चे बखरोटी गांव के ही हैं। ऐसे में ग्राम प्रधान की ओर से बच्चों को गांव में ही पढ़ाने का अनुरोध किया गया। ग्राम प्रधान के अनुरोध को उचित माना। इसी क्रम में सोमवार को कमेड़ा में सेवारत दोनों शिक्षक बखरोटी पहुंचे और राप्रावि बखरोटी परिसर में पांचों बच्चों को पढ़ाया। वहीं, सोमवार शाम ग्रामसभा बखरोटी के ग्राम चिंपाणी में बाघ के हमले में एक महिला बाल-बाल बची। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्राम चिंपाणी निवासी मंगला देवी गांव से कुछ दूर घास काट रही थी। इसी दौरान बाघ उनकी तरफ आया। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर जैसे ही मंगला देवी ने मुड़ कर देखा तो सामने बाघ खड़ा था। शोर सुन बाघ जंगल की ओर से चला गया। इधर, बाघ को सामने देख मंगला देवी बेहोश हो गई। गांव वाले किसी तरह उन्हें घर वापस लेकर आए।

# फसल के नुकसान की राशि में हो बढ़ोत्तरी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जंगली जानवरों द्वारा काश्तकारों की फसल को नुकसान पहुंचाने के एवज में मिलने वाली राशि में बढ़ोत्तरी करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नागरिक मंच ने वन विभाग को ज्ञापन दिया। कहा कि काश्तकारों के हितों को लेकर वन विभाग को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। समस्याओं के संबंध में नागरिक मंच के प्रतिनिधि मंडल ने लैंसडौन वन प्रभाग के वनाधिकारी आकाश गंगवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग, किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाने और जनहानि होने पर मुआवजे की राशि बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। नागरिक मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का कार्य ठप पड़ा हुआ है, जिस कारण उक्त मार्ग पर आवागमन करना कठिन हो रहा है। नागरिक मंच ने जंगली जानवरों के माध्यम से किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने पर चर्चा की। कहा कि वर्तमान में जंगली जानवर बड़ी मात्रा में आबादी के क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे है। जंगली जानवर किसानों की गेहूं की खड़ी फसल को चट कर जा रहे है, जिससे किसानों को खासा नुकसान हो रहा है। वन विभाग से जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में वन विभाग जनहानि पर चार लाख रूपए मुआवजा देकर पल्ला झाड़ देता है, जो कि बहुत ही कम है। कहा कि जनहानि होने पर मुआवजे की राशि बढ़ाई जानी चाहिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने नागरिक मंच को उठाई गई समस्याओं का निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। कहा कि लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग का मामला न्यायालय में चल रहा है। वन विभाग की तरफ से समस्त सूचनाओं व विभाग के पक्ष को न्यायालय के समक्ष रखा जा चुका है।

### लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी सैनिक सम्मान समारोह आज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कालेज कोटद्वार की ओर से पहली बार लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी सैनिक सम्मान- 2025 का आयोजन किया जा रहा है। कालेज के जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल ने बताया कि यह आयोजन कालेज परिसर में बुधवार 19 मार्च को सुबह 10 बजे, गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के परिजनों और सेवा निवृत्ति के बाद समाज में उल्लेखनीय कार्य कर रहे पूर्व सैनिकों को लॉट सुबेदार बलभद्र सिंह नेगी सैनिक सम्मान-2025 से सम्मनित किया जाएगा। बताया कि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट सेंटर लैंसडौन के कमांडेंट बिग्रेडियर विनोद सिंह नेगी और विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लैंसडौन ले. कर्नल वीरेंद्र प्रसाद भट्ट मौजूद रहेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों से कार्यक्रम उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने की अपील की है।

# अग्निकांड पीड़ित व्यापारी को दी आर्थिक मदद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत कलालघाटी में अग्निकांड पीड़ित व्यापारी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन से भी व्यापारी की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कहा कि दुकान में आग लगने से व्यापारी का सामान पूरी तरह खाक हो चुका है और इसी से व्यापारी अपने परिवार की आर्थिकी चलाते थे।

12 मार्च की रात कलालघाटी निवासी गजेंद्र सिंह की दुकान में आग लग गई। अग्निकांड में उन्हें काफी नुकसान हुआ। मंगलवार को महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल व कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ता कलालघाटी पीड़ित दुकान स्वामी गजेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने दुकान स्वामी का हाल-चाल जाना। कहा कि पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी की प्रेरणा से ही महानगर कांग्रेस कमेटी



व्यापारी को अर्थिक मदद देते कांग्रेसी

कार्यकर्ता ने गजेंद्र को आर्थिक सहायता भेंट की। कार्यकर्ताओं ने अन्य दानदाताओं से भी गजेंद्र सिंह की सहायता करने का आग्रह किया। इस मौके पर धीरेंद्र बिष्ट, विजय रावत, गणेश नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, महावीर सिंह रावत, सुदर्शन रावत, साबर सिंह नेगी, नीरज बहुगुणा, कीरत सिंह नेगी, मनोज रावत, शुभम रावत मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि स्वरोजगार के माध्यम से ही पहाड़ों से हो रहे पलायन पर विराम लगाया जा सकता है। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डीएस नेगी, जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी सर्वेंद्र रावत, नोड़ल अधिकारी डा. एसके गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कहा कि यह योजना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अपने उद्यमिता एवं स्टार्टअप आईडियाज को धरातल पर उतारने का एक उपयुक्त प्लेटफार्म है। प्रदेश में बेरोजगारी से हो रहा पलायन चिंता का विषय है। पलायन को रोकने व पहाड़ के बेहतर विकास के लिए युवाओं को स्वरोजगार अपनाना चाहिए। कार्यशाला में उद्यमिता की अवधारणा, महत्व,



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

उद्यमी बनने के आकर्षण, उद्यमी के गुण, नए उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता, स्टार्टअप स्थापना, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, कौशल आधारित प्रशिक्षण, औद्योगिक विजिट, सफल उद्यमियों से परिचर्चा, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रोडक्ट क्वालिटी, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन प्रबंध, उद्यम आधार जनरेट करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना व प्रतिभागों को उद्यम रजिस्ट्रेशन करवाने का प्रशिक्षण दिया गया। वाणिज्य विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने उद्यमिता के वास्तविक अर्थ व सरकारी की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डा. अभिषेक गोयल, कुलदीप सिंह, डा. प्रियंका अग्रवाल, डा. सुनीता नेगी, प्रो. आर एस चौहान, डा. अभिषेक गोयल, डा. प्रवीण जोशी, डा. विनोद सिंह, डा. सरिता चौहान, डा. अंशिका बंसल, डा. मुकेश रावत आदि मौजूद रहे।

### ग्राम विकास अधिकारी करेंगे पीएम आवास का सर्वे

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बीरोंखाल ब्लाक में पात्र परिवारों को मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे शत प्रतिशत कराने का लक्ष्य ग्राम विकास अधिकारी को दिया गया हैं। खण्ड विकास अधिकारी बीरोंखाल ने सभी ग्राम पंचायतों में सर्वेयरों की तैनाती कर दी है।

बीरोंखाल खण्ड विकास अधिकारी जेएस पयाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्तमान में पात्र परिवारों का सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह 25 मार्च 2025 तक सभी ग्राम सभाओं में पात्र परिवार, लाभार्थीयों के आवास का पंजीकरण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई परिवार पंजीकरण करने से वंचित रहा जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ग्राम विकास अधिकारी का होगा।

# चिकित्सकों, तकनीकी व पैरामेडिकल स्टॉफ की नियमित नियुक्ति प्राथमिकता : सेमवाल

### जिला अस्पताल में पीएमएस ने संभाला पदभार, निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला अस्पताल पौड़ी के नवनियुक्त पीएमएस डा. एलडी सेमवाल ने पदभार संभाल लिया है। डा. सेमवाल ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों, तकनीकी व पैरामेडिकल स्टॉफ की नियमित नियुक्ति पहली प्राथमिकता रहेगी। इससे पहले डा. सेमवाल एसीएमओ टिहरी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।मंगलवार को जिला अस्पताल पौड़ी के नवनियुक्त पीएमएस डा. एलडी सेमवाल को प्रभारी पीएमएस व एसीएमओ डा. रमेश कुंवर ने उन्हें पदभार हस्तांतरित किया। पदभार संभालने के बाद डा. सेमवाल ने अस्पताल के ओटी, महिला, बाल, जनरल वार्डों, ओपीडी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भू-तल पर नर्सिंग स्टोर पर नेत्र विभाग की ओपीडी जल्द ही शिफ्ट की जाएगी। जिससे अस्पताल में सभी ओपीडी एक स्थान पर आ जाएंगी। कहा कि ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण कर स्टॉफ को उपकरण सहित अन्य आवश्यकताओं की डिमांड तैयार कर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि अस्पताल में नियमित चिकित्सकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति, तकनीकी व पैरामेडिकल स्टाफ के साथ ही आउटसोर्स के खाली पदों पर तैनाती को लेकर विशेष रुप से फोकस रहेगा। नवनियुक्त पीएमएस डा. एलडी सेमवाल उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी ब्लाक स्थित साल्ड गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने रुस से एमबीबीएस, आईसीएमआर चैन्नई से पीजी की है।

# अवधेश अग्रवाल ने 100वीं बार रक्तदान कर लगाया शतक

कोटद्वार : रक्तदाता अवधेश अग्रवाल ने मंगलवार को 100वीं बार रक्तदान किया। अवधेश ने 20 साल की उम्र में पहली बार रक्तदान किया था। अब उनकी उम्र 51 साल हो चुकी है। उन्होंने 100 बार रक्तदान कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। अवधेश का मानना है कि हर किसी को रक्तदान करना चाहिए।

कोटद्वार के रक्तदाता अवधेश अग्रवाल मानवीय सेवा के जीते-जागते उदाहरण हैं। पिछले लगभग 31 सालों से वे रक्तदान कर रहे हैं और अब तक वह 100 बार रक्तदान कर चुके हैं। अवधेश का रक्तदान का सफर 1994 में शुरू हुआ। उन्होंने 20 वर्ष की उम्र में दिल्ली में पहली बार रक्तदान किया था और तभी से उन्होंने रक्तदान को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना लिया। उनके प्रयासों ने ना जाने कितने लोगों की जान बचाई है और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। ऐसे लोग समाज के हीरो होते हैं। जिनकी प्रेरणा से और लोग भी आगे आकर रक्तदान करने के लिए प्रेरित होते हैं। अवधेश अग्रवाल ने बताया कि हर तीन माह में वह रक्तदान करते है। रक्तदान के कारण ही 140 किलो वजन होने के बावजूद भी अभी तक उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं है। कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान के कई फायदे होते हैं, जिन्हें लोगों को समझने की आवश्यकता है। जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल जाने से उनकी जान बचाई जा सकती है।




स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता अवधेश अग्रवाल।

# शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** समाज सेवी स्व. मदनमोहन सुंद्रियाल की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 लोगों ने रक्तदान किया।

इस दौरान लोगों को रक्तदान के फायदें भी बताए गए। इस दौरान रक्तदाता अवधेश अग्रवाल को 100वीं बार रक्तदान करने के लिए श्रीमद् भागवत सम्मान से सम्मानित किया गया। एक




बारात घर में चल रही भागवत कथा के मौके पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कथा वाचक पं. शिवराम भट्ट व रक्तदाता समूह के संचालक दलजीत सिंह ने किया। ऋषिकेश स्थित एम्स हास्पिटल की टीम ने 98 रक्तदाताओं का रजिस्ट्रेशन किया, जिसमें 60 लोगों को ही रक्तदान के लिए उपयुक्त पाया गया। स्व. मदन मोहन सुंद्रियाल के सुपुत्र अरविंद, रविंद्र, विजय व पवन ने बताया कि 20 मार्च को इसी स्थान पर अंगदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें अंगदान करने वाले लोगों के रजिस्ट्रेशन फार्म भरवाए जाएंगे।

इस मौके पर डा. दिव्यांशु कुमार, डा. रोहन, विग्नेश, दीपेंद्र, इमरान हैदर, सचिन, जतिन, बृजमोहन सिंह, रोहित, वरूण, खुशीराम मौजूद रहे।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार।

पत्रांक 4046 / निविदा / 2024-2025 दिनांक 18/3/2025

## निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 01.04.2025 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह निविदा दिनांक 02.04.2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक शाखा कार्यालय में जमा करायी जा सकेगी। जो कि उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मोटाढाक नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन बिछाये जाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 16.12 | 32000.00 | रू0 1500.00 +GST |

शर्तेः- नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

1- कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2- निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4- ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का पता अंकित होना अनिवार्य है।
5- निविदा क्रय करते समय विभागीय पंजीकरण की मूलप्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है, जिसके अभाव में निविदा निर्गत नहीं की जायेगी।
6- निविदा प्रपत्र पर आयकर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
7- अधोहस्ताक्षरी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
8- धरोहर राशि के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
10- कार्यस्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें।
11- कार्य हेतु शेष शर्तें निविदा प्रपत्र पर दी गई शर्तों के अनुसार होगी।

(0807/59) अधिशासी अभियन्ता

## एक नजर

### एक अप्रैल से यूपीएस लागू करने का विरोध

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को एक मई को दिल्ली जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन होगा। एक अप्रैल को काला दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने एक अप्रैल से उत्तराखंड में यूपीएस लागू किए जाने पर विरोध जताया। प्रदेश अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने एक अप्रैल से यूपीएस लागू किए जाने का ऐलान किया है। जबकि कर्मचारी यूपीएस की जगह पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार यूपीएस को लागू करने पर अमादा है। केंद्र सरकार की व्यवस्था को लागू करने में सरकार ने कोई देरी नहीं की। कैबिनेट से प्रस्ताव पास कर अब एक अप्रैल से यूपीएस बहाली का विधिवत आदेश भी जारी कर दिया है।

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान तय समय पर करें

देहरादून। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंगलवार को यमुना कॉलोनी स्थिति लोनिवि मुख्यालय में सेवा का अधिकार के तहत अधिसूचित 23 सेवाओं के त्वरित समाधान का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सेवा का अधिकार आयोग के सचिव एवं रजिस्ट्रार डॉ शिव कुमार बरनवाल एवं सलाहकार एस एम कंडवाल ने बताया कि सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 के तहत लोनिवि तथा वित्त विभाग के अधीन पेंशन लाभों के सम्बन्ध में विभिन्न सेवाऐं अधिसूचित हैं। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं को समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के लिए नोडल अफसर तैनात किए गए हैं और उनकी जबावदेही भी तय की गई है। इसी तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति भी सेवा के अधिकार के तहत अधिसूचित की गई है। इसके अलावा कर्मचारियों के अवकाश के संदर्भ में भी प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई।

### एमकेपी बचाने को छात्राओं ने निकाली रैली

देहरादून। एमकेपी पीजी कालेज में निरंतर चली आ रही समस्याओं को लेकर छात्राओं ने मंगलवार को शिक्षक संघ के समर्थन में दून चौक तक रैली निकाली। उन्होंने इस दौरान राज्य के सबसे बड़े और पुराने कालेज को बचाने की मांग की। पूर्व छात्र संघ विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शिवानी रावत ने कहा कि देहरादून में महिला साक्षरता के लिहाज से एमकेपी कालेज का महत्वपूर्ण स्थान है।

इसलिए कालेज की समस्याओं का निदान होना चाहिए। जिसमें सबसे बड़ी मांग शिक्षकों की भर्ती है। इसके अलावा अन्य वर्ग के कर्मचारियों की भी भारी कमी है। जिससे काफी दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए छात्राओं ने मौन रहकर रैली निकाली है ।

### कलस्टर स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को घर से स्कूल लाएंगी बसें

देहरादून। राज्य के कलस्टर स्कूलों में पढ़ने वाले आने वाले छात्रों के लिए परिवहन की सुविधा का शुभारंभ हो गया। इसकी शुरूआत उत्तरकाशी से हुई है। मंगलवार सुबह को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंट रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय से उत्तरकाशी के 15 कलस्टर स्कूलों के लिए 15 बसों के काफिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# घोल्डी व स्यूसाल गांव में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी के तत्वाधान में विकासखंड पौड़ी के घोल्डी व विकासखंड थलीसैण के स्यूसाल गांव में चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उसके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को प्रेषित की गई। जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन में जनपद के समस्त विभागों के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। जिससे लोगों को ब्लॉक व मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि ग्रामीणों द्वारा चौपाल में रखी गई शिकायतों का निस्तारण तत्काल करें और उसकी आख्या भी प्रस्तुत करें। इसी कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी द्वारा विकासखंड थलीसैंण के स्यूसाल गांव में चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में 08 शिकायतें ग्रामीणों ने अधिकारियों के सम्मुख रही। एसडीओ लक्की शाह ने बताया कि चौपाल में अधिकतर स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, लोनिवि व कूड़ा निस्तारण को लेकर रही। उन्होंने कहा कि चौपाल में दर्ज शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया है, जिससे संबंधित विभाग उन शिकायतों का निस्तारण समय पर कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर विकासखंड पौड़ी के घोल्डी गांव में चौपाल आयोजित किया गया। एसडीओ गढ़वाल आयशा बिष्ट ने बताया कि चौपाल में लोनिवि, कृषि व उद्यान विभाग से संबंधित कुल 04 शिकायतें दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि उद्यान व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतें संबंधित विभागों को भेजी गई। आयोजित चौपाल में खंड विकास अधिकारी थलीसैंण आकाश बेलवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# कर्मचारियों व छात्रों ने ली गंगा स्वच्छता की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे इकाई के तत्वावधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं छात्रों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नदियों की स्वच्छता के संकल्प हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस मौके पर नोडल अधिकारी नमामि गंगे डॉ. विवेक रावत ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने कहा कि हमें भी गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के लिए अपना योगदान देना चाहिए। हमें अपने घरों में कचरें को अलग-अलग कर सही तरीकों से निस्तारण एवं अपने आस-पास रहने वाले लोगों को नदियों में कूड़ा न डालने के लिए जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## 50 से अधिक गांवों को जल्द मिलेगी बिजली की समस्या से निजात

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के सेमला गांव में बन रहे 33 केवी सब स्टेशन का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। विद्युत सब स्टेशन का कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

जल्द ही अकरी, बारजुला, डागर व कड़ाकोट पट्टी के करीब 50 से अधिक गांवों को जल्द ही बिजली की समस्या से निजात मिलेगा। अभी तक बिजली लाइन में बार-बार फॉल्ट आने व तेज हवा आने पर बिजली बाधित होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या का समाधान के लिए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की पहल और उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक सेमला गांव में 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण कार्य की फिनिसिंग चल रही है। अकरी, बारजुला व डागर पट्टी के गांवों में विद्युत आपूर्ति के लिए 9 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य वर्ष 2024 में शुरू हो गया था, जिसके अंतर्गत दो फेस में कार्य होना था।

सिविल फेस और विद्युत लाइन के बिछाने का कार्य अभी चल रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो मई माह में सब-स्टेशन की सुविधा कीर्तिनगर के अकरी, बारजुला, डागर व कड़ाकोट पट्टी के गांवों को मिलना शुरू हो जायेगी। गोपाल सिंह रावत, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग श्रीनगर ने बताया कि सेमला गांव में बन रहे 33 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है। बिजली घर के फिनिसिंग का कार्य जारी है। विद्युत लाइनों का लिचिंग का कार्य किया जाना है। मई माह तक सब स्टेशन को संचालित कर ग्रामीणों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। (एजेंसी)

## नगर पालिका का वाहन पलटा, हादसा टला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नगर पालिका का कूड़ा वाहन मंगलवार को उपजिलाधिकारी आवास के समीप पलट गया। जिससे चालक को हल्की चोटें आई हैं। शहर में कूड़ा उठाने के लिए नगर पालिका की ओर से लगाया गया कूड़ा वाहन मंगलवार को एसडीएम आवास को जाने वाले मार्ग से गुजर रहा था।

इसी दौरान वाहन में तकनीकी दिक्कत आने के चलते चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन मार्ग पर पलट गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई वाहन की चपेट में नहीं आया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि चालक को हल्की चोटे आई है।

# पौड़ी की उपेक्षा के लिए भाजपा व कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा की चिंतन गोष्ठी में सभी से एकजुट होने की अपील की गई। इस दौरान पौड़ी की उपेक्षा के लिए वक्ताओं ने भाजपा व कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। कहा कि भू-कानून के नाम पर प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया गया है।

मंगलवार को प्रेक्षागृह में आयोजित गोष्ठी में मोर्चा के प्रदेश संयोजक बॉबी पंवार ने कहा कि प्रदेश निर्माण के बाद पौड़ी मंडल मुख्यालय की बड़ी दुर्दशा हुई है। पौड़ी ने प्रदेश को सबसे अधिक मुख्यमंत्री दिए।

पौड़ी ने उत्तर प्रदेश को भी मुख्यमंत्री दिया, लेकिन पौड़ी हमेशा उपेक्षा का शिकार होती रही। कहा कि भाजपा व कांग्रेस की सरकारों ने जनता को ठगने का काम किया। प्रदेशवासी आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। अंकिता भंडारी के परिजन आज न्याय के लिए भटक रहे है। मोर्चा के उपाध्यक्ष त्रिभुवन उनियाल, मास्टर दिनेश चंद्र ने कहा कि हर जिले में मोर्चा द्वारा चिंतन गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। इन गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। गोष्ठी में मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुददों पर विस्तार से चर्चा हुई। संकल्प एक विकल्प के साथ हम जनता के बीच जा रहे है। 12 जिलों की यह स्वाभिमान मोर्चा की यात्रा पौड़ी मंडल मुख्यालय पहुंची। इस मौके पर व्यापार सभा के सचिव देवेंद्र रावत, उपाध्यक्ष प्रवीण असवाल, राम कंडवाल, मनोज रावत अंजुल, प्रवीण असवाल,नमन चंदोला जगमोहन डांगी, हरीशचंद्र शाह, नरेश नौडियाल, कुलदीप गुंसाई कई गणमान्य लोग आदि शामिल रहे।

# रुद्रप्रयाग में 20 मार्च को लगेगा भव्य रोजगार मेला, 250 पदों पर होगा चयन

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर आ रहा है। जिला सेवायोजन कार्यालय, रुद्रप्रयाग द्वारा 20 मार्च को प्रातः 10 बजे से मुख्य बाजार स्थित कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले में कुल छह नामी कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जो विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। मेले में मानव संसाधन, सेल्स मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग, मशीन ऑपरेटर, ईएमटी, चालक, ईडीओ, बीमा एजेंट, बीमा सलाहकार सहित होटल से जुड़े कार्यो के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी सुशील चंद्र चमोली ने बताया कि मेले में प्रतिभाग कर रही कंपनियों द्वारा कुल 250 रिक्त पदों पर सीधा साक्षात्कार लिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 8,500 रुपये से लेकर 19,500 रुपये प्रतिमाह तक का वेतन दिया जाएगा। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, डी. फार्मा या बी. फार्मा होनी चाहिए। आपातकालीन सेवा 108 के चालक पद के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है, जहां वे अपनी योग्यता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी 20 मार्च को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग में पहुंचकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा और एक पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 8449222574 और 9557511448 पर संपर्क किया जा सकता है। रोजगार मेले में भागीदारी के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा के निर्देशन में जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह और सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी व सीओ रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## बिना सत्यापन किरायेदार रखने वालों पर कार्रवाई

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देश पर जिले में व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली प्रभारी योगेश चंद्र उपाध्याय और चौकी धारानौला प्रभारी आनंद बल्लभ कश्मीरा की टीम ने धारानौला क्षेत्र में अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना सत्यापन किरायेदार रखने वाले पांच भवन स्वामियों पर पुलिस अधिनियम की धारा 83 के तहत कार्रवाई कर 25 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं, बिना सत्यापन फेरी लगा रहे 20 बाहरी व्यक्तियों पर धारा 81 के तहत कार्रवाई कर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति पौड़ी की बैठक में शहर की कई समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने शहर में बीते चार साल से हिंसरिया मोहल्ले में निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग उठाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्याओं के हल को लेकर व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। बैठक में जिला चिकित्सालय पौड़ी में व्याप्त अव्यवस्थाओं व उपचार में लोगों को हो रही परेशानियों पर निर्णय लिया गया कि समिति का शिष्टमंडल जल्द मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी व जिला अधिकारी गढ़वाल को ज्ञापन व शासन के उच्च उच्चाधिकारियों से पत्राचार कर जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने का अनुरोध किया जाएगा। इस दौरान सरकार पर अनावश्यक दबाव डालकर विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का आरोप लगाया। कहा कि इसको लेकर जनता को जागरूक करने के साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया जाएगा। बैठक में गिरीश बड़थ्वाल, गबर सिंह नेगी, पुष्कर रावत, नरेश नौडियाल, प्रशांत नेगी, मकान सिंह रावत, ठाकुर सिंह नेगी आदि शामिल थे।

# अधिसूचित विभागीय 23 सेवाओं को लेकर कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण



देहरादून। मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, लोक निर्माण विभाग, यमुना कॉलोनी, देहरादून के अधीनस्थ कार्यालयों/खण्डों में तैनात एवं नामित सभी पदाभिहित अधिकारियों एवं सम्बन्धित पटल सहायकों के उपयोगार्थ 17 मार्च 2025 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ० शिव कुमार बरनवाल, सचिव एवं रजिस्ट्रार तथा श्री एस०एम० कण्डवाल, सलाहकार/परामर्शी (प्रशिक्षण) द्वारा उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं सम्बन्धित पटल सहायकों को अधिसूचित सेवाओं के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया और यह बताया गया कि:-उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग तथा वित्त विभाग के अधीन पेंशन/सेवानैवृत्तिक लाभों के सम्बन्ध में विभिन्न सेवाऐं अधिसूचित हैं। अधिसूचित सेवाओं को समय-सीमा के भीतर सेवा उपलब्ध कराने/प्राप्त कराने के सम्बन्ध में पदाभिहित अधिकारी नामित किये गये हैं, जिनकी सेवा देने हेतु जवाबदेही तय की गयी है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में 24 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।सर्वप्रथम प्रशिक्षणार्थियों को अधिसूचित विभागीय 23 सेवाओं के सम्बन्ध में बताया गया कि अधिसूचित सेवाओं हेतु जो अलग-अलग समय-सीमा निर्धारित की गयी है, निर्धारित समय-सीमा के अन्दर ही पात्र व्यक्ति/राज्य की जनता को समयबद्ध रीति से सेवा उपलब्ध करायी जाय।

# मुख्यमंत्री ने किया 15 बसों का फ्लैग ऑफ

## उत्तरकाशी जिले के स्कूली बच्चों को मिलेगी बस की सुविधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से उत्तरकाशी जनपद के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन में समय की बचत होगी।

इस तरह के नवाचार से बच्चों को पठन-पाठन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय प्रयास किया गया है।



उत्तरकाशी जनपद के नगरीय क्षेत्र के 15 कलस्टर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के लिए जिलाधिकारी उत्तरकाशी द्वारा जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद एवं अन्टाईड फण्ड से 15 बस क्रय की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई। जिन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए यह बस की सुविधा दी जा रही है, उनमें विकासखण्ड नौगांव के लिए 05, विकासखण्ड भटवाडी और विकासखण्ड डुण्डा के लिए 03-03, विकासखण्ड पुरोला के लिए 02 जबकि विकासखण्ड चिन्यालीसौड और विकासखण्ड मोरी के लिए एक-एक बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक भरत चौधरी, प्रमोद नैनवाल, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. एम.एस. बिष्ट, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, बेसिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल, जिला शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी शैलेन्द्र अमोली उपस्थित थे।

# व्यापारियों और ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन

अल्मोड़ा(आरएनएस)। लमगड़ा बाजार में पेयजल संकट के चलते व्यापारियों और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा है। मंगलवार से व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। रामलीला मैदान में एकत्र होकर उन्होंने जल संकट के खिलाफ नारेबाजी की और अवैध कनेक्शनों को लेकर जल विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। बता दें कि लमगड़ा क्षेत्र की एक दशक से अधिक पुरानी कपिलेश्वर पम्पिंग योजना उद्देश्यों की पूर्ति करने में विफल साबित हो रही है। इस योजना के तहत लमगड़ा बाजार और आसपास के तीन दर्जन से अधिक गांवों को पानी पहुंचाने की व्यवस्था थी, लेकिन स्थानीय लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें सप्ताह में केवल एक बार या उससे भी कम जल आपूर्ति मिल रही है, जबकि क्षेत्र में बन रहे रिजॉर्ट्स और होटलों को विभाग की मिलीभगत से नियमित रूप से पानी दिया जा रहा है। जल संकट को लेकर पहले भी व्यापारियों, ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था और चेतावनी दी थी कि यदि एक सप्ताह के भीतर जल आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **ई-निविदा सं0 09/EDDK /24-25** एवं **ई-निविदा सं0 11/EDDK /24-25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 04.04.2025 को 10.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई-निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 04.04.2025 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई-निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 04.04.2025 एवं समय 15.30 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 482/विविखको/टी-6 दिनांक : 18.03.2025

**अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार**

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 349-DRM-MB-24-25 Dt. 10.03.2025 | 350-DRM-MB-24-25 Dt. 10.03.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 100 KL RCC OH Tank with plumbing pipe, pump house with bore in lieu of steel tank at KJY in the jurisdiction of ADEN/HPU. | Provision of 100 KL RCC OH Tank with plumbing pipe & with pump house and bore in lieu of steel tank each at HPU & GMS in the jurisdiction of ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 11.04.2025 | 11.04.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 66,39,469.67 | 1,34,90,579.90 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,32,800.00 | 2,17,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 28.03.2025 | 28.03.2025 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 18.03.2025 838/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नारी निकेतन को पहली बार और कोरोनेशन अस्पताल को मिली आधुनिक सुविधा युक्त नवीन एंबुलेंस

देहरादून। मुख्यमंत्री के निर्देशों और स्वस्थ उत्तराखंड विजन को लेकर जिला प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। जिला चिकित्सालय कोरोनेशन की व्यवस्था में सुधार के साथ ही जिलाधिकारी सविन बंसल ने नारी निकेतन को पहली बार एंबुलेंस सुविधा प्रदान की है। जिलाधिकारी की पहल पर खनिज न्यास निधि से कोरोनेशन अस्पताल को 28 लाख की लागत से 01 एंबुलेंस तथा 01 मोक्ष वाहन और जिला योजना से 13 लाख की लागत से नारी निकेतन को पहली बार एंबुलेंस सेवा की सौगात मिली है। मा0 विधायक खजान दास और जिलाधिकारी सविन बंसल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से इन तीनों वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मानवता की सेवा के लिए रवाना किया।

मा0 विधायक राजपुर खजान दास ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिलाधिकारी के द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि 02 एंबुलेंस और 01 शव वाहन मिलने से निश्चित रूप से हमारे नारी निकेतन और कोरोनेशन अस्पताल की व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में शव वाहन न होने से कई बार परेशानियां आती थी जो अब दूर हो गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिले के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु निरतंर काम किया जा रहा है। जिससे आम नागरिकों, गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों तक सुगम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सके। जिले में शव वाहन नहीं होने से दिक्कतें रहती थी। साथ ही कोरोनेशन अस्पताल में अतिरिक्त एंबुलेंस की भी आवश्यकता थी। वही नारी निकेतन में आश्रय लिए असहाय, अनाथ बच्चों, मानसिक दिव्यांग महिलाओं को चिकित्सा हेतु अस्पताल आने जाने के लिए भी कोई डेडिकेटेड एंबुलेंस वाहन अभी तक उपलब्ध नहीं था। आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए खनन न्यास और जिला योजना से 02 एंबुलेंस और 01 मोक्ष वाहन क्रय कर चिकित्सा एवं महिला कल्याण विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। नारी निकेतन के लिए एंबुलेंस वाहन संचालन हेतु पीआरडी से वाहन चालक की नियुक्ति भी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने दोनों विभागीय अधिकारियों को वाहनों का उचित उपयोग करते हुए मरीजों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए है।


**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com